— प्रेस नोट —

दिनांक 22.12.2020 जनपद मीरजापुर ।

थाना कोतवाली कटरा पुलिस द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, अंतर्जनपदीय तीन शातिर चोर गिरफ्तार —

घटना का विवरणः- अनिल कुमार मिश्र पुत्र ओमप्रकाश पुराकाशीनाथ पो0दुबार लालगंज मिर्जापुर का द्वारा बताया गया कि उनकी बहन श्रीमती निगम तिवारी पत्नी श्री मनोज तिवारी निवासी उपरौठ औराई जनपद भदोही मेरे घर अपने पति एवं बच्ची के साथ आई थी दिनांक 13-12-2020 को मेरे घर से अपने ससुराल जाने हेतु मेरे साथ घर से बथुआ तिराहे तक रिजर्व टेम्पो से आये कि शीतला मंदिर पर बथुआ पर एक मार्शल जिसका नं0 UP70N7057 हम लोगो के पास आकर खड़ी हुई तथा पूछा की कहा जाना है मेरे द्वारा औराई जाने के लिए कहा गया तो वह कहा कि हम भी औराई जा रहे हैं। मेरे द्वारा समय करीब 2.30 बजे अपने बहन बहनोई और भान्जी को बैठाकर वापस अपने घर पहुंचा कि मेरे बहनोई द्वारा हमको फोन करके बताया गया कि मार्शल चालक व उसमें बैठे लोगो द्वारा प्रसाद के नाम पर पेडा खिला दिया गया जिममे हम लोग नशे में आ गये तथा हम लोगों के अर्ध मुर्छित होने पर मेरे बैग से सोने का चैन, मंगल सूत्र, सोने का झुमका चाँदी की दो पायल व सोने की दो अंगूठी तथा 2200 सौ रू0 नगद निकाल कर शास्त्री पुल पर हम लोगो को छोडकर भाग गये है । इस सूचना पर हम अपने बहन बहनोई के पास गये और होश में आने पर उक्त मार्शल तथा उसमें बैठे लोगों की काफी तलाश किये किन्तु वे लोग नही मिले ।

विवरण पूछताछः- घटना के सन्दर्भ में 03 नफर अभियुक्त 1. राजेश श्रीवास्तव पुत्र स्व0 राधे श्याम श्रीवास्तव निवासी जसरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज 2. जमाल पुत्र स्व0 मो0 नसीम निवासी बुन्दावा थाना घूरपूर जनपद प्रयागराज 3. मो0 इस्लाम उर्फ रज्जन पुत्र स्व0 साबिर निवासी कोरांव गांधीनगर थाना कोरांव जनपद प्रयागराज ने पूछताछ पर बताया कि साहब यह हम लोगो का धंधा है। इनसे चोरी किये गये माल के बारे में पूछा गया तो बताया कि बरामद हुए 2000 रूपये और ये पायल ही सिर्फ बचा है और साहब सोने के गहने हम लोगो ने एक अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया और पैसा हम लोग आपस में बांटकर खर्च कर चुके है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. राजेश श्रीवास्तव पुत्र स्व0 राधे श्याम श्रीवास्तव निवासी जसरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज
2. जमाल पुत्र स्व0 मो0 नसीम निवासी बुन्दावा थाना घूरपूर जनपद प्रयागराज
3. मो0 इस्लाम उर्फ रज्जन पुत्र स्व0 साबिर निवासी कोरांव गांधीनगर थाना कोरांव जनपद प्रयागराज

बरामदगीः- 2000/- रूपये नगद व 02 जोड़ी पायल सफेद धातु की

गिरफ्तारी का समय , दिनांक बरामदगी स्थल-

दिनांक 22.12.2020 समय 11.30 बजे, बरामदगी स्थल- पथरहिया रेलवे परिसर थाना को0 कटरा

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 रमेश यादव थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर ।
2. उ0नि0 अजय कुमार श्रीवास्वत प्रभारी चौकी मण्डी समिति
3. हे0कां0 भोला नाथ यादव , चौकी मण्डी समिति
4. हे0का0 श्रीप्रकाश सिंह, चौकी मण्डी समिति
5. का0 राहुल प्रताप सिंह, चौकी मण्डी समिति
6. कां0 अरविन्द सिंह, थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर ।
7. का0 अबरार अहमद थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर
8. का0 उमेश यादव थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर
9. म0कां0 दिव्या सिंह , थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर ।
10. म0कां0 पूजा मौर्या , थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर ।